**तस्कर** मामला नैनपुर-बालाघाट रोड स्थित पादरीगंज जंगल मार्ग का

# गौवंश तस्करी का प्रयास नाकाम, आरोपी जंगल की ओर फरार!

**नवभारत, परसवाड़ा।** चांगोटोला क्षेत्र में गौवंश तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां 18 नग गौवंश को नैनपुर-बालाघाट रोड स्थित पादरीगंज जंगल मार्ग से मारते-पीटते लाया जा रहा था।

राहगीरों को संदेह होने पर जब उन्होंने पूछताछ की, तो आरोपी मौके से भागकर जंगल की ओर फरार हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों एवं जागरूक युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर सभी गौवंश को मुक्त कराया और घटना की जानकारी चांगोटोला पुलिस को दी।



पुलिस बल के पहुंचने पर ग्रामीणों की मदद से सभी गौवंश को थाने लाया गया। इस दौरान कुछ पशु घायल पाए गए, जिनका पशु चिकित्सकों द्वारा उपचार कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों पर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। चांगोटोला थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ा अपराध टल गया, लेकिन इस घटना ने क्षेत्र में पशु सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बैहर में जल सेवा समागम के तहत निबंध लेखन व रैली आयोजित

## जल संरक्षण का दिया संदेश

**नवभारत, बैहर।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विकासखंड बैहर में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में अध्ययनरत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों द्वारा जल सेवा समागम द्वितीय चरण के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जल स्रोतों के पुनरुद्धार एवं जल संचयन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा।

परामर्शदाताओं के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित जल संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिवनाथ यादव ने कहा कि जल संकट से निपटने का एकमात्र उपाय जल का सही प्रबंधन और संवर्धन है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन की तकनीकों को अपनाने की अपील की।

संगोष्ठी के पश्चात छात्रों ने ग्राम के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर 'जल है तो कल है' जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति समर्पित रहने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, भंवरसिंह मेरावी, आकांक्षा तेकाम समाज सेवी संदीप गजभिये, अभय यादव,विमल भावे ,ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे, अर्पिता यादव, शिवानी शिवहरे, साक्षी दुबे, निकिता ठाकरे, संदीप बिसेन, आरती कुशरे, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में भी जल संवर्धन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिया।

# पांच वर्षो से फरार पांच हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, वारासिवनी।** थाना वारासिवनी क्षेत्र के सूचनाकर्ता के थाना वारासिवनी में 14/01/2021 को रिपोर्ट लेख कराई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिंग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है ।थाना वारासिवनी में धारा 363 ताहि का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं अपहता बालिका एवं आरोपी की तलाश की गई ।तलाश के दौरान अपहृत बालिका दिनांक 02/03/2021को ग्वालियर में दस्तयाब हुई ।उपरांत अपहृ?त बालिका के कथन के आधार पर प्रकरण में बलात्कार, पॉक्सो एक्ट और अनुसूचित जाति / जन जाति की धाराओ का इजाफा किया गया ।और सह आरोपी को गिरफ्तार किया गया था ।बालिका द्वारा बताया गया था कि मुख्य



आरोपी अक्षय देवारे ने मुझे रेल्वे स्टेशन पर छोड़कर भाग गया था । पुलिस उसे तभी से तलाश कर रही थी ।किन्तु वह बड़ी चालाकी से अपने मोबाईल नम्बरो को बदलकर महाराष्ट्र के अलग-अलग शहरो में रहता था ताकि पुलिस उसे पकड़ न सके ।वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा उक्त आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा उसे पकड़वाने वाले को 5000/ रुपये का ईनाम भी उद्घोषित किया गया था ।

प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की तलाश थाना अजाक द्वारा की जा रही थी ।पतारसी के दौरान आरोपी को उसके घर एवं रिस्तेदारो में कई बार तलाश किया गया किन्तु आरोपी अक्षय देवारे नही मिलता था न ही उसके संबंध में कोई जानकारी मिलती थी । तलाश के दौरान दिनांक 05/04/2026 को जानकारी मिली कि ग्राम मोहगांव थाना रामपायली में आरोपी के रिस्तेदार के घर एक व्यक्ति देखा गया है । सूचना की दस्दीक तत्काल पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोहगांव पहुच कर घर की घेराबन्दी कर बाहरी व्यक्ति की दस्दीक की गई ।दस्दीक कर वह आरोपी अक्षय देवारे होना पाया गया ।तब आरोपी से पूछताछ कर उसे गिरफ्तार किया गया ।आरोपी से पूछताछ आदि कार्यवाही कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट बनाने पर आरोपी जेल दाखिल किया गया । उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में निरी. ब्रजेश कुमार, प्रआर. 796 रमेश उके, आर. 28 शैलेष गौतम, महिला आर.355 रितु ठेकवार एवं चालक प्रआर. 362 चन्द्र कुमार तिवारी थाना अजाक की मुख्य भूमिका रही ।

# मां कर्मा ने अपने हाथों से श्रीकृष्ण को भात खिलाया था : चंद्रदीप

▶ तेली साहू समाज द्वारा मां कर्मा जयंती मनाई गई, मां कर्मा का जयघोष एवं तेली साहू समाज जिंदाबाद के लगे नारे

**नवभारत कटंगी 6 अप्रैल।** तेली समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। मां कर्मा जयंती कटंगी के अलावा तिरोड़ी, मेंहकेपार ,बामहणी, बोथवा एवं अन्य जगह भी मनाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने पूजा अर्चना कर मां कर्मा का जयघोष एवं तेली साहू समाज जिंदाबाद के नारे लगाए।मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाज के गणमान्य नागरिकों का स्वागत फूल मालाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर चंद्रदीप साहू स्वास्थ्य विभाग, विट्ठलराव गाभने, ईढलराव हटवार, संजय बड़वाईक ब्लॉक अध्यक्ष साहू समाज ने समाज को एकत्रित किया गया।




**जगन्नाथ मंदिर में मां कर्मा के नाम खिचड़ी का भोग लगाया जाता है-** अपने उद्बोधन में चंद्रदीप साहू ने बताया कि मां कर्मा ने अपने हाथों से भगवान श्रीकृष्ण को भात खिलाया था, इसलिए कहा जाता है 'जगन्नाथ का भात जग पसारे हाथ' । आज भी जगन्नाथ मंदिर में मां कर्मा के नाम का खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। मां कर्मा की महिमा को और उनकी भगवान श्री कृष्णा भक्ति के बारे में विस्तृत रूप से वर्णन किया गया।

**महिलाओं ने प्रस्तुत किया गीत**

महिलाओं की ओर से भी पूजा अर्चना कर अतिथि प्रतिभा साहू, जानकी बड़वाईक, अनीता भरे, उषा साहू, केशवी वडबाईक, ललिता हटवार सहित अन्य महिलाओं ने अपने उद्बोधन और गीत प्रस्तुत किया। साहू समाज को एकत्रित कर भवन निर्माण हेतु प्रयास किया जा रहा है। विधायक गौरव परिधि द्वारा आश्वासन मिला है कि उन्हें साहू समाज के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।

**भवन निर्माण पर साहू समाज को एकजुट होने की अपील -** कटंगी ब्लॉक में साहू समाज की काफी संख्या होने के बावजूद भी अभी तक भवन निर्माण नहीं हो पाया है। इस बात को गंभीरता से लेने हेतु समाज को एकत्रित होने के लिए कहा गया। दुर्गा हटवार ब्लॉक कोषाध्यक्ष ने साहू समाज द्वारा मां कर्मा एवं समाज के मिलजुलकर भवन निर्माण हेतु उद्बोधन दिया गया। इस दौरान शारदा प्रसाद चकोले, राजेंद्र लांजेवर, धर्मचंद्र भूरे और कार्यकारिणी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।



# समाधान योजना में बालाघाट जिला प्रदेश में अव्वल

## 81 प्रतिशत हितग्राहियों को मिला योजना का लाभ

**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी समाधान योजना के तहत बालाघाट जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में निर्धारित 53,007 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 42,667 हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 81 प्रतिशत है। यह उपलब्धि पूरे मध्य प्रदेश में सबसे अधिक बताई जा रही है। इस सफलता पर मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बालाघाट के अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार मेरावी ने सभी लाभान्वित उपभोक्ताओं एवं योजना को सफल बनाने में सहयोग करने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। श्री मेरावी ने बताया कि शेष पात्र हितग्राहियों को ध्यान में रखते हुए योजना की अवधि अब 15 मई 2026 तक बढ़ा दी गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलेभर में लगभग 200 विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा और उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नजदीकी शिविरों या संबंधित वितरण केंद्रों में पहुंचकर इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में 'पुस्तक उपहार महोत्सव' का आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में 'पुस्तक उपहार महोत्सव' का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और ज्ञान साझा करने की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी लेकिन उपयोगी पुस्तकों का दान किया। विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पुस्तकों का संग्रह किया गया, जिन्हें जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचाया जाएगा। इस पहल में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए बैनर के माध्यम से 'पुस्तक उपहार



महोत्सव' का संदेश दिया गया, जिसमें पुस्तक दान को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया। शिक्षकों ने बताया कि पुस्तकों के पुन: उपयोग से कागज की बचत होती है, जिससे पेड़ों की कटाई कम होती है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।

विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य स्रोत हैं और इन्हें साझा करने से समाज में शिक्षा का प्रसार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ने और पुस्तकों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पुस्तक दान को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। 'पुस्तक उपहार महोत्सव' के माध्यम से विद्यालय ने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से न केवल पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है, बल्कि समाज में ज्ञान का प्रकाश भी फैलाया जा सकता है। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।



# प्रभारी मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व . अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 06 अप्रैल को बालाघाट प्रवास के दौरान अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने डीएमएफ की 21 लाख रुपए की राशि से अटल उद्यान के समीप सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिये भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक राजकुमार कर्राहे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, गौरीशंकर बिसेन, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, नगर पालिका के पार्षद, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# परसवाड़ा में युवा शक्ति संवाद का आयोजन युवाओं ने सामाजिक बदलाव का लिया संकल्प



**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा के बिजाटोला स्थित राहुल मैरिज लॉन में रविवार, 5 अप्रैल 2026 को 'युवा शक्ति संवाद' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चला, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर विभिन्न सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।

समाजसेवी देवेंद्र ऐडे ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना था, जहां वे आपसी संवाद के माध्यम से अपने विचार साझा कर सकें और समाज के विकास में अपनी भूमिका तय कर सकें।इस अवसर पर युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

दिलीप कटरे ने जानकारी देते हुए बताया कि संवाद के दौरान क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में गरीब बच्चों की सहायता, दुर्घटना एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग तथा नशा मुक्ति अभियान को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में युवाओं को रोजगार के अवसरों और कौशल विकास के प्रति भी प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सत्य, अहिंसा और सेवा के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। स्थानीय नागरिकों को भी उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी देवेंद्र ऐडे ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर समाज सेवा, शिक्षा, नशा मुक्ति और आपातकालीन सहायता जैसे कार्यों में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

कार्यक्रम में दिलीप कटरे, मिथलेश राणा, गणेश वांडरे, संदीप सोनी, मयंक कटरे, हर्ष, गजेन्द्र सर्राटे, किसन मंडलवार, भेजलाल, राज, राजेश सोनवाने, राधेश्याम कटरे, घनश्याम राहंगडाले, राहुल सोनवाने सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री सिंह ने मलाजखंड में बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

## जीर्णोद्धार कार्य से बेल तालाब को मिलेगा आकर्षक स्वरूप

**नवभारत, बैहर।** मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने 06 अप्रैल को बालाघाट जिले के प्रवास के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मलाजखंड में बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए तालाब की पार पर पौधारोपण भी किया। इस दौरान बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगर पालिका मलाजखंड के अध्यक्ष श्री मानसिंह मरावी, श्री गुड्डा मरकाम, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता , बिरसा तहसीलदार श्री आदित्य नारायण तिवारी, नगर पालिका के पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश बाघमारे, अन्य गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्यपद्धति विकसित हुई है और परिणाममूलक अभियान प्रारंभ किये गये हैं। जिनके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान से देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संचार हुआ है और हर घर में शौचालय बने हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवासहीन लोगों के पक्के घर बनाये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान से पेयजल, सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। यह सभी कार्य आम आदमी के जीवन को प्रभावित करते हैं और इससे उनके जीवनस्तर में सुधार हो रहा है।

प्रभारी मंत्री सिंह ने मलाजखंड के बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे इस नगरीय क्षेत्र में जल संरक्षण में मदद मिलेगी और नगर का सौन्दर्यीकरण भी होगा। उन्होंने कहा कि इस तालाब की पार पर अधिक संख?या में पौधारोपण किया जाये और उनकी सुरक्षा के इंतजाम किये जायें। मलाजखंड के बेल तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण होने से यहां के लोगों को सुबह की सैर करने के लिए एक अच्छा स्थान एवं शुद्ध प्राकृतिक वातावरण सुलभ होगा, जो आमजन की सेहत को भी प्रभावित करेगा। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मलाजखंड में ऐसे और भी तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाये और उसमें आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाये।



प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सांसद श्रीमती भारती पारधी की सराहना करते हुए कहा कि वे सांसद की जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन कर रही हैं और आम जनता से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बालाघाट जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर प्रशासन द्वारा नवाचार किये जा रहे हैं और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अच्छी पहल की गई है, जिससे हजारों की संख्या में युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में काम करने का अवसर मिल रहा है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी प्रजातंत्र के दो पहिये हैं। इन्हें समर्पण भाव के साथ एक दूसरे से मिल कर काम करना चाहिए, तभी शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा।

सांसद भारती पारधी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत मलाजखंड के बेल तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया जा रहा है। मलाजखंड का बेल तालाब एक सुंदर एवं आकर्षक स्थान है। यह मार्निंग वाक करने वालों के लिए एक अच्छा स्थान है। इस तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए पौधारोपण किया जाये और उनकी सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का यह अभियान हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम सबकों को पानी की एक-एक बूंद को बचाने का जतन करना होगा, तभी हमें पीने के लिए, सिंचाई के लिए एवं अन्यर कार्यों के लिए पानी मिल सकेगा। हम सभी पानी की एक-एक बूंद को बचाने का संकल्प करें और इसे व्यर्थ न बहने दें।

मलाजखंड के बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानसिंह मरावी, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त प्राचार्य ललित मिश्रा द्वारा किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा 09 तालाबों के जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही 60 कुओं की सफाई की जा रही है। नगरीय क्षेत्र में 341 शासकीय एवं 1500 अशासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा 02 नाले एवं 22 नालियों की सफाई एवं संरक्षण का कार्य लिया गया है। नगर पालिका द्वारा 20 स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। हरित क्षेत्र विकास के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-08, बंजारी टोला एवं वार्ड क्रमांक 17 में लॉन डेवलपमेंट, थाना चौक मलाजखंड, केंद्रीय विद्यालय मोहगांव चौराहा एवं लोरा रोड के दोनो ओर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।